Bareilly, Monday,
2 March 2026

BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 4 : MIDDLE

'मरीजों को मिलेगी एयर एंबुलेंस'

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में हुआ बरेली रिवीजन आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 March): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बरेली आर्थोपेडिक एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय (28 फरवरी- एक मार्च) बरेली रिवीजन आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम आयोजित हुआ. इसमें रिवीजन टेक्निक्स पर विमर्श, वीडियो के माध्यम से ऑपरेशन की नई तकनीक की जानकारी, घुटने और कूल्हे की रिवीजन आर्थोप्लास्टी में बुनियादी बातों के साथ ऑपरेशन के महत्वपूर्ण प्वाइंट्स का चरण दर चरण वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया. आठ सत्रों में अपने अपने विषय की विस्तृत जानकारी दी.इंडियन आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन (आईओए) की थीम सभी हड्डियां और जोड़ सुरक्षित हाथों में और यूपी आर्थोप्लास्टी एसोसिएशन (यूपीओए) की थीम बेहतर देखभाल के लिए परंपरा और प्रौद्योगिकी का समन्वय के अनुसार हुए इस सिंपोजियम के इनॉग्रेशन सत्र में आर्थोपेडिक सर्जन एवं बिथरी चैनपुर के विधायक डा.राघवेंद्र शर्मा ने बढ़ते हादसों पर चिंता जताई. उन्होंने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज से अपने करियर आरंभ होने करने का जिक्र किया. मेडिकल कॉलेज की सफलता के लिए ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति को श्रेय दिया.इंडियन आर्थोपेडिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि डा.उत्तम गर्ग ने सिंपोजियम की सराहना की. इनॉग्रेशन सत्र में बरेली आर्थोपेडिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एवं सिंपोजियम के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डा.संजय गुप्ता ने सिंपोजियम के विषय में सभी को बताया. कहा कि यह सही सर्जिकल फैसले लेने को और बढ़ाएगा. कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने कॉलेज की उपलब्धियों का जिक्र किया. सिंपोजियम के कोऑर्गनाइजिंग चेयरमैन एवं यूपीओए के वाइस प्रेसिडेंट डा.विनोद पागरानी ने बरेली आर्थोपेडिक एसोसिएशन को ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज का आभार जताया.

ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति ने गेस्ट का किया स्वागत.